## एक नजर में

### सीएम यादव ने निवास पर फहराया तिरंगा, ली सेल्फी

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास पर तिरंगा फहराया और सेल्फी भी ली. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान से पूरे देश में देशभक्ति का वातावरण बना है. प्रदेश में उत्साह-उमंग से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत गतिविधियां जारी हैं. वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे अभियान से भावनात्मक रूप से जुड़े हैं. विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर में सेना द्वारा दिखाए गए पराक्रम ने सभी में देशभक्ति की भावना का संचार किया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व में स्थिति और प्रगति से हर देशवासी गौरवान्वित है.

### मतदान केन्द्रो के युक्तियुक्तकरण से संबंधित प्रस्तावो पर हुई चर्चा

सिंगरौली 13 अगस्त। आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रो में मतदाताओं की संख्या 1500 से घटाकर 1200 के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव पाण्डेय के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र चितरंगी, सिंगरौली तथा देवसर से मतदान केन्द्र के युक्तिकरण के तैयार प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डिजिटल के साथ तेजी से बढ़े साइबर खतरे

## सीएम ने साइबर सुरक्षा अभियान के तहत जागरुकता रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत डिजिटल पेमेंट में दुनिया का अग्रणी देश बना है. वर्तमान समय में डिजिटल तकनीक अब हमारी जीवन शैली का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है.**

मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया, ये सब अब दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं. लेकिन डिजिटल सुविधाओं के साथ साइबर खतरे भी तेजी से बढ़े हैं. हमें जो डिजिटल सुविधा मिलती हैं, वह कभी-कभी चुनौती बन जाती हैं. डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसी कई घटनाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती हैं. ऐसी स्थिति में प्रत्येक ऑनलाइन उपयोगकर्ता के लिए जरूरी है कि वे अपने बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मप्र पुलिस के सहयोग से चलाए जा रहे साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के लिए अपने संदेश में यह बात कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से अभियान के अंतर्गत जिलों में जाने वाले जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैंक खातों की सुरक्षा के उपाय बताने और ग्राहकों को साइबर अपराधियों से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे भारतीय स्टेट बैंक के साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान की सराहना की एवं एसबीआई के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर सुरक्षा वर्तमान समय में सामाजिक जिम्मेदारी बन चुकी है. तकनीक के उपयोग के साथ ही साइबर अपराधियों की सक्रियता भी बढ़ गई है.

### सीएम हाउस में आज उद्योगपतियों की बैठक

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र अपैरल और टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश और वैश्विक बाजार तक पहुंच के नए द्वार खोलने जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 14 अगस्त को देश और दुनिया के 15 से अधिक शीर्ष अपैरल एवं टेक्सटाइल ब्रांड्स के प्रतिनिधि एवं उद्योगपति मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में निवेश के संबंध में राउंड टेबल मीटिंग में संवाद करेंगे. बैठक में पीएम मित्रा पार्क सहित राज्य की अत्याधुनिक औद्योगिक अवसंरचना, कुशल श्रमशक्ति और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया जाएगा.



मुख्यमंत्री मोहन यादव इंदौर में भाजपा द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाग लेने आए थे. मंत्री कैलाश विजयवर्गी और मंत्री तुलसी सिलावट यात्रा में शामिल हुए.

# खंडेलवाल तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

## राष्ट्रवादी विचारधारा से समाज को जोड़ने का आह्वान

**छिंदवाड़ा/भोपाल, 13 अगस्त. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत छिंदवाड़ा में छह किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा में भाग लिया.**

चंदनगांव माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा का मार्गभर जगह-जगह पुष्पवर्षा व माल्यार्पण से स्वागत किया गया. बारिश के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर रहा. भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने अपनी विचारधारा और उसूलों से कभी समझौता नहीं किया.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह सुरक्षित है और चुनौतियों से निपटने में सक्षम है. कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत करें, ताकि राष्ट्र की प्रगति में योगदान सुनिश्चित हो. कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, सांसद विवेक साहू बंटी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई पार्टी है, जिसकी कोई स्पष्ट विचारधारा नहीं है. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी इसे समाप्त करने की बात कही थी.

# राहुल की टिप्पणी पर पाकिस्तान में बंटती है मिठाई

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. राहुल गांधी देश की संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार उंगली उठा रहे है. अभी चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगा दिया है. इस समय देश के सेनाओं के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है.**

स्वतंत्रता दिवस मनाने की बजाय राहुल राजनीति कर रहे है. उनकी टिप्पणी पर पाकिस्तान में मिठाई बांटी जाती है. यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्रकारों से कही. मुख्यमंत्री इंदौर में घर घर तिरंगा अभियान के तहत आज शहर में भाजपा द्वारा निकाली तिरंगा यात्रा में भाग लेने आए थे. यात्रा के बाद गांधी हॉल परिसर में पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास से विरासत का काम शुरू किया है. हमने अहिल्या बाई के सुशासन को दृष्टिगत रखते हुए राजबाड़ा में मंत्रिमंडल की बैठक में विकास के फैसले लिए हैं. रोजगार आधारित उद्योग लगा रहे थे और आगे भी प्रयास कर रहे है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का इन बातों को करने का अवसर नही है. आज घर घर तिरंगा अभियान के तहत इंदौर की ऐतिहासिक यात्रा में भाग लिया है. स्वतंत्रता दिवस को लेकर मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है. तीनों आपरेशन सिंदूर, महादेव और अन्य को लेकर सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है. कल भोपाल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी और 15 अगस्त के झंडावंदन समारोह होगा. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारत का दिल उनके साथ साथ है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी पहले भी चौकीदार वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट की डांट खा चुके है.

राहुल गांधी देश में जो टिप्पणी करते हैं और पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान में मिठाई बंटती है. अटल जी ने 50 साल तक विपक्ष की भूमिका निभाई है, उसके बाद प्रधानमंत्री बने थे. दस साल में जा सत्ता के लिए छटपटा रहे है.

यादव ने राहुल गांधी को सलाह दी कि वे यथार्थ में जीने की आदत डाले. पिछले कई सालों से लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रहे है. वे अपने द्वारा किए गए पापों को लेकर माफी मांगे. मुख्यमंत्री ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने लोकतंत्र की लड़ाई लड़ी है. राम ने रावण को मारकर विभीषण को राज्य दिया है. यह कृष्ण लीलाओं का प्रदेश है. महू के जानापाव से सात नदियां निकलती है, जो भारत के विभिन्न राज्यों को दिशा देती है. कृष्ण को महर्षि परशुराम ने सुदर्शन चक्र दिया था. वही अमझेरा में भी महाभारत कालीन अंश है. रामवान पथ गमन का भी विकास कर रहे है.

# बीएसएनएल एक्सचेंज से चोरी गई बैटरियाँ बरामद

## मोरवा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अगस्त। बीते दिनों बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस से बैट्रियों की चोरियों के मामले की गुत्थी मोरवा पुलिस ने सुलझाते हुए आरोपी को धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर 12 सेल बैट्री भी बरामद कर ली गई है।**

गौरतलब है कि 8 अगस्त को बीएसएनल एक्सचेंज ऑफिस में बतौर मैनेजर पदस्त विवेक सिंह ने मोरवा थाने में तहरीर दर्ज कराई की 6 अगस्त को एक्सचेंज ऑफिस से कई नग बैट्रियां चोरी कर ली गई है। मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह ने इस मामले में एसपी के निर्देश एवं एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रारंभिक विवेचना में पुलिस टीम ने सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से जाना की एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल में रखकर तीन बार में बैटरियों की चोरियां की गई है, परंतु रात में हुई चोरियों में चोर का चेहरा स्पष्ट नहीं नजर आ रहा था। वही मोरवा पुलिस ने विवेचना को एक कदम आगे बढ़ते हुए बीएसएनएल एक्सचेंज में आकर आधार कार्ड बनवाने वालों की जानकारी एकत्रित की। जिसके आधार पर संदेही मनोज साकेत पिता रामपाल साकेत उम्र 29 वर्ष निवासी पंजरेह की गतिविधियों पर नजर रखी गई। आरोपी मनोज बैट्रियों को बेचने के फिराक में था। उसी समय पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से बैट्रियों समेत चोरी में युक्त बाइक भी जप्त कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक एनपी तिवारी समेत सहायक उपनिरीक्षक उमेश अग्निहोत्री, डीएन सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह मौजूद रहे।

# चाचर से रेत की चोरी करते ट्रैक्टर जब्त



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अगस्त। शासन पुलिस चौकी क्षेत्र के चाचर गांव के सड़क मार्ग में घेराबंदी कर पुलिस ने एक ट्रैक्टर को जप्त कर उसके कब्जे से चोरी का रेत बरामद कर अपराध पंजीबद्ध किया है।**

शासन चौकी प्रभारी संदीप नामदेव के अनुसार अवैध रेत के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिन बुधवार 13 अगस्त को पुलिस ने रामजनम वैश्य पिता अम्बिका प्रसाद वैश्य उम्र 40 वर्ष निवासी चांचर अवैध रेत परिवहन करते हुए ग्राम चांचर में पकड़ा मौके की सम्पूर्ण कार्यवाही कर एक नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर एमपी 66 ए 3137 जिसकी ट्राली में अवैध रेत लोड कीमती 5 हजार कुल कीमती 3 लाख 5 हजार रूपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध की धारा 303(2),317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई में उनि संदीप नामदेव चौकी प्रभारी शासन, प्रआर हेमराज पटेल, प्रआर देवेन्द्र सिंह, आर मुकेश पटेल, जितेन्द्र की सराहनीय योगदान रहा।

# छतौली गांव के मार्ग में 45 लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अगस्त। माड़ा थाना क्षेत्र के छतौली गां के मार्ग में एक युवक के कब्जे से करीब 45 लीटर देशी-विदेशी शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। युवक सरकारी शराब दुकान से मोटरसाइकिल में लेकर बेचने जा रहा था। माड़ा क्षेत्र में पैकारी एवं अवैध देशी-विदेशी शराब की बिक्री जोर शोर से है। आरोप है कि आबकारी एवं पुलिस का खुला संरक्षण मिला है।**

जानकारी के अनुसार माड़ा थाना क्षेत्र के छतौली गांव के मार्ग में एक युवक अमन सिंह मोटरसाइकिल में देशी शराब कार्टन में लेकर बेचने जा रहा था कि ग्रामीणों ने घेराबंदी कर नाला के पास दबोच लिया और उसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहां पुलिस मौके से पहुंच मोटरसाइकिल एवं शराब को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गये। इधर चर्चा है कि उक्त युवक एक सरकारी ठेका के शराब दुकान से देशी शराब खरीद कर गांव में पैकारी कराने व बेचने जा रहा था। आरोप यह लग रहे हैं कि माड़ा क्षेत्र में देशी-विदेशी शराब गांव-गांव अवैध तरीके से बेची जा रही है। जिसके बारे में आबकारी एवं पुलिस भलीभांति जानती है। फिर भी अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने से परहेज करती है। जिसके चलते क्षेत्र में नशा का का कारोबार व्यापक स्तर पर चल रहा है।



### झटका तार हटाने को लेकर महिला के साथ मारपीट

सिंगरौली 13 अगस्त। कलेक्टर ने चार महीने पूर्व ही एक सख्त निर्देश जारी किया था झटका बिजली तार कहीं भी लगाया जाये तो संबंधित जनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जिले में कलेक्टर के निर्देश का पालन न होने से एक महिला के साथ आज इसी बात को लेकर मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के ग्राम हिर्रवाह निवासी निर्मिला देवी पति स्व. राजेश कश्यप ने कोतवाली में तहरीर दी है कि घर से करीब पॉच सौ फीट दूर सरकारी हैंडपंप है। जहां आसपास के लोग इसी हैंडपंप से अपनी प्यास बुझाते हैं। किंतु मेरे घर से हैंडपंप जाने के रास्ते में गांव के ही सुनीलकांत ने अपने जमीन पर झटका तार लगाकर उसमें करंट फैला दिया है। जिससे आने-जाने में परेशानी होती है और कई बार मुझे एवं मेरे बेटे को झटका करंट लग चुका है। जब इस बारे में सुनीलकांत को झटका तार हटाने के लिए कहा जाता है तो उसके द्वारा गाली गलौज कर मारपीट की धमकी दी जाती है। आज दिन बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे उसी रास्ते से जा रही थी, तभी मुझे करंट लग गया और मैं जमीन पर गिर पड़ी और जब इस बात को सुनीलकांत के घर बताने गई, दरवाजा खुलवाया इतने में सुनील की पत्नी मेरे साथ गाली गलौज करते हुये बाल पकड़ कर घसिटते हुये मारपीट करने लगी। किसी तरह उसके चंगुल से बाहर निकली। इधर महिला का यह भी आरोप है कि थाना बैढ़न में रिपोर्ट दर्ज कराने आई थी, तभी मेरे बहू का फोन आया कि सुनील की पत्नी घर में घुस कर तीन भगोना, एक स्टील बाल्टी जबरन उठा ले गई। पीड़िता ने कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इधर बताते चले कि कलेक्टर ने सख्त निर्देशित किया है कि किसी भी हालत में झटका वाले तार खेतों में नही लगने चाहिए। लेकिन कलेक्टर के निर्देश का जिले में कहीं भी पालन नही हो रहा है। अधिकांश अन्नदाता खेतों में बाड़ी लगाकर उसमें झटका बिजली तार लगा दियें हैं। जिससे आये दिन हादसे होते रहते हैं। पिछले माह बरगवां थाना क्षेत्र में झटका तार के करंट से एक युवती की मौत हो गई थी। जहां जमकर बवाल भी हुआ था। फिर भी स्थानीय प्रशासन ऐसे लोगों पर कार्रवाई नही कर रहा है।

# भारत माता के उद्घोष के साथ तिरंगा रैली आयोजित



नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 13 अगस्त। भारत सरकार के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण भारत में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल ने परियोजना के अंबेडकर स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया, जिसमें सीआईएसएफ के जवानों एवं परियोजना परिसर में स्थित सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं नें बड़ी संख्या में तिरंगे के साथ बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान पूरा स्टेडियम तिरंगामयी हो गया।

# चार अपराधी किये गये जिला बदर, तीन देगे हाजिरी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा चार आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है जबकि तीन अपराधियों को प्रत्येक सोमवार थाने में उपस्थिति देने का आदेश दिया गया है.**

प्रभारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुब्रात द्विवेदी निवासी वार्ड क्रमांक 11 सिरमौर, अजय उर्फ अज्जू कोरी निवासी गुढ़ चौराहा रीवा, समीर शाह उर्फ रिंकू निवासी बड़ी दरगाह के बगल में अमहिया रीवा एवं चिराग खान निवासी सफारी होटल के सामने अमहिया रीवा को एक वर्ष के लिये जिला बदर किया गया है. जबकि अखिलेश तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक 4 चोरहटा, झल्लू उर्फ रामदुलारे निवासी जगन्नाथ मंदिर के पास बिछिया तथा देवांश पाण्डेय पाण्डेय निवासी वार्ड क्रमांक 15 सिरमौर को प्रति सप्ताह सोमवार को संबंधित थाने में उपस्थित होने का आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा किया गया है. इसी प्रकार रीतेश साकेत उर्फ लाल साकेत निवासी गल्ला मंडी को जिला बदर की कार्यवाही का आधार प्रमाणित न होने पर प्रकरण निरस्त कर दिया गया है.

### रीवा संभाग में अब तक 887 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा संभाग में एक जून से अब तक 887.95 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 661.8 मिलीमीटर, सतना में 764.4 मिलीमीटर, मैहर में 775.9 मिलीमीटर, मऊगंज में 1247.4 मिलीमीटर, सीधी में 987.2 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 891 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 596.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध में 13 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.74 मीटर तक पहुंच गया है. गत वर्ष 13 अगस्त तक इसका जल स्तर 337.97 मीटर पर था. बांध में 87.78 प्रतिशत जल भराव हो गया है.

# करंट लगने से ट्रैक्टर चालक की मौत, ट्रामा सेंटर में हंगामा

## विधायक जिला चिकित्सालय पहुंच मृतक के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अगस्त। एनटीपीसी विंध्यनगर के परिसर में कार्य के दौरान ट्रैक्टर चालक को डीजी कटर से करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में घंटो हंगामा करते रहे।**

एनटीपीसी में ड्यूटी के दौरान एक युवक शम्भू साकेत पिता सीताराम साकेत उम्र 36 वर्ष निवासी रजमिलान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने शव को अस्पताल के गेट पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते, तहसीलदार सविता यादव, टीआई विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी, टीआई कोतवाली बैढ़न अशोक सिंह परिहार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर मामले को शांत कराने की कोशिश की। मृतक के परिजन मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के चलते अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्र में भारी भीड़ जुट गई। जिससे तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। पुलिस बल लगातार मौके पर डटा रहा और स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### मृतक के परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक

युवक के मौत के बाद जिला चिकित्सालय में जारी हंगामा से स्थिति बिगड़ गई थी। जहां इस घटना की जानकारी देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम को मिली। वे बरगवां में आयोजित तिरंगा यात्रा रैली में शामिल होने के बाद जिला चिकित्सालय पहुंचे। विधायक परिजनों को मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुये कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। इसकी जांच हो, ताकि दोबारा इस तरह की पुनरावृत्ति न हो। विधायक ने मीडिया कर्मियों को बताया कि शासन से जो भी राशि मिलनी चाहिए, वो सब मिलेगी। साथ ही ठेकेदार के माध्यम से एक-एक लाख रूपये और रेडक्रॉस से 25 हजार रूपये, विधायक सुरक्षा निधि से 2 लाख रूपये मिलेगा। साथ ही 11 लाख रूपये सब कुछ मिलाकर मिलेगा, मृतक के पत्नी को पेशंन के रूप में 14 हजार रूपये हर माह आजीवन पेंशन मिलेंगी।



# बलराम जयंती और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, जिले में 14 अगस्त को बलराम जयंती तथा 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रभारी अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों को तैनात कर उन्हें दायित्व सौंपे हैं.**

कलेक्टर ने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा को प्रभारी अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. कलेक्टर ने बलराम जयंती पर हलधर किसान मेला तथा प्रदर्शनी के आयोजन के निर्देश दिए हैं. बलराम जयंती पर जिले के किसानों को किसान सम्मान निधि वितरण की भी कार्यवाही की जाएगी.

कलेक्टर ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता, जेल में भगवान बलराम और श्रीकृष्ण पर केन्द्रित कार्यक्रम सहित बलराम और श्रीकृष्ण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं.

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला- सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/प्रवा./अपर कले./25 सतना दिनांक 24/07/2025

**// सार्वजनिक सूचना //**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नर्वद प्रसाद पिता श्री रामकिशन (अविवाहित), उम्र 34 वर्ष, (05.10.1990), व्यवसाय-मजदूरी स्थायी निवासी-ग्राम अधरवार थाना कोटर तहसील कोटर जिला सतना (म.प्र.), आवेदिका हेमवती रजक पुत्री श्री सुरेश प्रसाद रजक (अविवाहित), उम्र-22 वर्ष (10.04.2003), व्यवसाय-गृहकार्य, स्थायी निवासी-ग्राम अधरवार पोस्ट डोमहाई थाना कोटर तहसील कोटर जिला सतना (म.प्र.) के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 23/07/2025 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 23/09/2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)**

## नाम परिवर्तन सूचना

मै साक्षी पाण्डेय पति श्री विनय कुमार पाण्डेय उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम-पोस्ट गाढ़ा तह.जवा जिला रीवा म.प्र. की होकर बहलफ सूचित कर रही हूं कि मैने एलआईसी की एक पॉलिसी ले रखी है जिसका नं.357182132 है जिसमें मेरा नाम साक्षी देवी तिवारी पिता श्री चन्द्रिका प्रसाद तिवारी पता ग्राम बेला पो.छिबौरा जिला सतना म.प्र. दर्ज है, मेरा विवाह श्री विनय कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम-पोस्ट गाढ़ा तह.जवा जिला रीवा म.प्र. के साथ हुआ है जिससे मेरा नाम व पता परिवर्तित हो गया है. अतः मेरे पालिसी में दर्ज नाम व पता साक्षी देवी तिवारी पिता श्री चन्द्रिका प्रसाद तिवारी पता ग्राम बेला पो.छिबौरा जिला सतना म.प्र. के स्थान पर सही नाम साक्षी पाण्डेय पति श्री विनय कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम-पोस्ट गाढ़ा तह.जवा जिला रीवा म.प्र. दर्ज किया जाए. यही नाम मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेजों में दर्ज है.

## नाम संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं कृष्ण कुमार मिश्रा (KRISHNA KUMAR MISHRA) पुत्र श्री शंभू प्रसाद मिश्रा ग्राम मऊ बगदरा (पुरानी मऊ), पो. बरहटा, थाना व तहसील मऊगंज, जिला-मऊगंज (म0प्र0) 486331 है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड नंबर- 739065558495 में नाम शिव शौर्य मिश्रा (SHIV SHAURYA MISHRA) है व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम शौर्य मिश्रा (SHAURYA MISHRA) है। भविष्य में मेरे पुत्र को शौर्य मिश्रा (SHAURYA MISHRA) के नाम से ही जाना और पहचाना जाय। प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र का नाम शौर्य मिश्रा (SHAURYA MISHRA) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा, सुना, समझा एवं अभिलेखों में दर्ज किया जावे।

**कृष्ण कुमार मिश्रा**
(KRISHNA KUMAR MISHRA)